परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय-2
अणुशक्ति नगर मुम्बई
आवधिक परीक्षा -1 (2023-2024)

कक्षा VI   पूर्णांक 40
विषय- हिन्दी (द्वितीय भाषा)   20.07.2023   समय- 90 मिनट्स

प्रश्न-1 निम्न गंधाश को पढ़कर उत्तर लिखिए । (**1x4 =** 4)

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे। केशव व उसकी बहन श्यामा दोनो बड़े ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते जाते देखा करते। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते । अंडे कितने बड़े होंगे ? किस रंग के होंगे ? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं था क्योंकि बाबूजी को पढ़ने-लिखने से फुरसत नहीं थी ।

(क) केशव व श्यामा के घर किसने अंडे दिए ?
(ख) श्यामा, केशव की कौन थी ?
(ग) दोनों के मन में अंडो को लेकर क्या सवाल उठते ?
(घ) केशव व श्यामा के सवालों का जवाब देने वाला कोई क्यों नहीं था?

प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखिए । (1 x 4 =4)

वह चिड़िया जो-
चोंच मारकर
दूध-भरे जुंडी के दाने
रुचि से, रस से खा लेती है
वह छोटी संतोषी चिड़िया
नीले पंखोंवाली मैं हूँ
मुझे अन्न से बहुत प्यार है।

(क) चिड़िया रस लेकर क्या खाती थी ?
(ख) चिड़िया किस रंग की थी ?
(ग) चिड़िया को किस से प्यार है ?
(घ) “वह चिड़िया जो” कविता के कवि का क्या नाम है ?

प्रश्न-3 निम्न प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए (2 x 5 = 10)

(क) कविता “वह चिड़िया जो” का यदि और शीर्षक देना चाहो तो क्या देंगे ?
(ख) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या - क्या काम करती थी ?
(ग) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी व दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?
(घ) लेखक ने पाठ का नाम “नादान दोस्त” रखा। आप इसे क्या शीर्षक देना चाहोगे ?
(ङ) माँ के सोते ही केशव व श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए ?
(च) पाठ ‘बचपन” में लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ?

(छ) लेखिका का चचेरा भाई उसे क्या कह कहकर चिढ़ाता था ?

(ज) चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है ?

प्रश्न-4 बाल रामकथा से निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही सात के उत्तर लिखिए?(1x 7 = 7)

(क) अयोध्या नगर किस नदी के किनारे बसा था?

(ख) राजा दशरथ की तीनों रानियों के क्या नाम थे ?

(ग) महारानी कौशल्या के पुत्र का नाम था ?

(घ) सुमित्रा के कितने पुत्र हुए थे ?

(ङ) राम को अपने साथ ले जाने के लिए कौन से महर्षि आये ?

(च) राम ने किस राक्षसी का वध किया था ?

(छ) शिव धनुष के दो टुकड़े किसने किए ?

(ज) राजा दशरथ के चारों पुत्रों के नाम क्या थे ?

(झ) विश्वामित्र ने राम- लक्ष्मण को कौनसी विद्याएँ सिखाई ?

(ञ) "पुत्रेष्टि यज्ञ" किस ऋषि की देखरेख में पूरा हुआ ?

प्रश्न-5 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण छाँटिए (1x4 =4)

(क) तेजिंदर सहमकर कोने में बैठ गया |

(ख) गेंद लुड़कती हुई झाड़ियों में चली गई |

(ग) टॉमी फुर्ती से चोर पर झपटा |

(घ) सोनाली जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूँसने लगी |

प्रश्न-6 नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ो और उसके विशेषण के भेद को लिखिए (1x 4 =4)

(क) मुझे दो दर्जन केले चाहिए |

(ख) कुछ बच्चे आ रहे हैं |

(ग) सभी लोग हँस रहे थे |

(घ) दो किलो अनाज दे दो |

प्रश्न-7 दो गुणवाचक विशेषण लिखिए और उनसे वाक्य बनाइये | (1x 2 = 2)

जैसे- नीला- आसमान नीला है

प्रश्न-8 दो दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए | (5)